Journal of Advances and Scholarly Researches in Allied Education

Vol. IX, Issue No. XVII, Jan-2015, ISSN 2230-7540

AN INTERNATIONALLY INDEXED PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL

REVIEW ARTICLE

# "माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की हिन्दी भाषा उपलब्धि पर कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन (वितान सी.डी.) के प्रभाव का अध्ययन"

www.ignited.in

Journal of Advances and Scholarly Researches in Allied Education
Vol. IX, Issue No. XVII, January-2015, ISSN 2230-7540

# “माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की हिन्दी भाषा उपलब्धि पर कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन (वितान सी.डी.) के प्रभाव का अध्ययन”

**Madhuri Paliwal**

Vice Principal, Swami Vivekananda Education College, Sendhva, District – Badwani (M.P.)

---------------------------------x---------------------------------

## INTRODUCTION

### 1.1.0 समस्या कथन –

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की हिन्दी भाषा उपलब्धि पर कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन (वितान सी.डी.) के प्रभाव का अध्ययन

### 1.2.0. उद्देश्य –

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की हिन्दी भाषा उपलब्धि पर कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन (वितान सी.डी.) के प्रभाव का अध्ययन करना ।

### 1.3.0. परिकल्पना –

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की हिन्दी भाषा उपलब्धि पर कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन (वितान सी.डी.) का सार्थक प्रभाव नही पाया जायेगा।

### 1.4.0 सीमांकन –

- अध्ययन केवल माध्यमिक स्तर के कक्षा 7वीं के 60 छात्र–छात्राओं तक ही सिमित रखा है।
- अध्ययन में प्रकरणों का चयन कक्षा 7 वितान हिन्दी पाठमाला से किया है।
- अध्ययन में लायंस कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी सेंधवा विद्यालय को लिया गया है।
- अध्ययन में प्रायोगिक समूह के लिए वितान पाठमाला 7 की मधुबन एजुकेशन द्वारा उपलब्ध वितान सी.डी. का एल.सी.डी. पर प्रयोग कर शिक्षण कार्य किया है।

### 1.5.0 न्यादर्श –

माध्यमिक स्तर के लायन्स कान्वेन्ट हा. से. स्कूल के कक्षा 7 के विद्यार्थियों पर हिन्दी भाषा की उपलब्धि पर कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन के रुप में मधुबन पब्लिकेशन द्वारा उपलब्ध वितान सी. डी. की प्रभाविता का अध्ययन हेतु यादृच्छिक विधि से 60 विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिसमें 30 विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक समूह एवं 30 को नियंत्रित समूह के अन्तर्गत रखा गया।

### 1.6.0 उपकरण –

प्रस्तुत लघु शोध कार्य हेतु निम्नांकित उपकरणों का प्रयोग किया गया –

➢ शोधकर्ता द्वारा विषय विशेषज्ञों की सहायता से निर्मित हिन्दी भाषा उपलब्धि परीक्षण – हिन्दी भाषा उपलब्धि परीक्षण के लिये शोधकर्ता द्वारा विषय विशेषज्ञों की सहायता से जो परीक्षण तैयार किया गया उसमें वस्तुनिष्ठ आधारित 50 प्रश्नों का समावेश किया गया। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये। सही उत्तर के लिये 1 अंक और गलत होने पर 0 अंक प्रदत्त किया गया।

➢ मधुबन पब्लिकेशन द्वारा कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन के रुप में उपलब्ध वितान सी.डी. – वितान हिन्दी पाठमाला 7 जिसे बच्चों की रुचि और स्तर के अनुकूल तैयार किया गया है। वितान की भाषा सरल, सहज व बोधगम्य बनाने के लिये विभिन्न गतिविधियों और अभ्यासों के द्वारा श्रवण, वाचन, लेखन एवं विचार संबंधी स्कील्स के निर्माण हेतु वितान पाठमाला की सी.डी. उपलब्ध करायी गयी। जिसमें पाठ्यवस्तु के रुप में – हम होंगें कामयाब–गीत (गिरिजाकुमार माथुर), राष्ट्पतिभवन में प्रवेश–संस्मरण (रामास्वामी वेंकटरमन), किरणों का खेल– कविता (मैथिलीशरण गुप्त), एक पंखयुक्त ट्रेजेडी– व्यंग्य कथा (मोहन राकेश), क्या मैने गलत कहा? – हास्य एकांकी (बानो सरताज) आदि को सम्मिलित किया गया । इस वितान सी.डी. का प्रयोग कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन के रुप में विद्यार्थियों पर कर उसकी प्रभाविता का अध्ययन किया गया।

## 1.7.0 शोध विधि एवं प्रायोगिक अभिकल्प –

प्रस्तुत'शोध अध्ययन प्रयोगात्मक विधि पर आधारित था, जिसमें प्रायोगिक अभिकल्प पोस्ट टेस्ट, प्रोयागिक समूह एवं नियंत्रित समूह पर अभिकल्प के रुप में लिया गया।

| Treatment | Post Test |
|---|---|
| X | Experimental Group |
| O | Control Group |

## 1.8.0 प्रदत्तों का विश्लेषण –

माध्यमिक स्तर के कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों का प्रायोगिक व पारम्परिक विधि से प्राप्त प्रदत्तों का मध्यमान, प्रमाप विचलन व टी टेस्ट लगाया गया।

## 1.9.0 निष्कर्ष –

कक्षा 7 के विद्यार्थियों की हिन्दी भाषा उपलब्धि पर कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन का सार्थक प्रभाव नही पाया गया अर्थात परम्परागत विधि एवं कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन हिन्दी भाषा उपलब्धि पर समान रुप से प्रभावी पाये गये।

## 1.10.0 शैक्षिक निहितार्थ –

❖ हिन्दी भाषा को सरल, सरस व बोधगम्य बनाने के लिये कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन (वितान सी.डी.) का प्रयोग किया जा सकता है।

❖ विद्यार्थियों की हिन्दी भाषा में सभी स्कील्स (श्रवण, वाचन, लेखन एवं विचार संबंधी) में कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन से सुधार का प्रयास किया जा सकता है।

❖ विद्यार्थियों की हिन्दी भाषा में अधिगम गति बढ़ाने व भाषा व व्याकरण संबंधी त्रुटि में सुधार लाने का प्रयास किया जा सकता है।

❖ सभी स्तर के विद्यार्थियो (उच्च,सामान्य व निम्न बुद्धि) की हिन्दी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करने एवं उपलब्धि स्तर को बढ़ाने का प्रयास किया जा सकता है।

## 1.11.0 आगामी शोध के लिये सुझाव –

- सी.डी. के अगले प्रकाशन के लिये विषय विशेषज्ञों की सलाह जरुर ली जाए जिससे वह उद्देश्य आधारित बन सकें ।
- सी.डी. में विषय वस्तु के साथ–साथ उचित अभ्यास पाठ्यक्रम का भी समावेश किया जाऐ।
- हिन्दी विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करने एवं उपलब्धि स्तर को बढ़ाने के लिये सी.डी. को सरल और रोचक बनाने का प्रयास किया जाए, ताकि विद्यार्थी खेल–खेल में उचित अधिगम भी कर सकें ।
- इस सी.डी. का प्रयोग उच्च स्तर की कक्षाओं के लिये अधिक प्रभावी सिद्ध हो सकता है और वे एकाग्रचित्त होकर उचित अधिगम की प्राप्ति कर सकते है।

## 1.14.0 सन्दर्भित ग्रन्थों की सूची–


1. अग्रवाल, लता (2010), सूक्ष्म शिक्षण एवं अधिनस्थ प्रशिक्षण, राखी प्रकाशन, संजय प्लेस, आगरा–202002।
2. जोशी, अनुराधा (2010), एवं अग्निहोत्री, कामाक्षी (2010), शैक्षिक तकनीकी व – अध्ययन सामग्री, राखी प्रकाशन, संजय प्लेस, आगरा–202002।
3. कपिल, एच. के. (2007), अनुसंधान विधियाँ, एच. पी. भार्गव बुक हाउस, 4/230 कचहरी घाट आगरा – 282004।
4. राय, पारसनाथ (2006), अनुसन्धान परिचय, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल पब्लिकेशन, संजय प्लेस, आगरा–202002।
5. शर्मा, एम. डी. (2010), अग्रसेन शिक्षा प्रकाशन, रामगंज बाजार, जयपुर।
6. शर्मा, राजकुमारी. (2006), हिन्दी शिक्षण, राधा प्रकाशन मंदिर आगरा–282002।
7. शर्मा, शशिकला. (2007), सिन्हा, साधना (2007), मातृभाषा हिन्दी शिक्षण, माया मंदिर प्रकाशन, जयपुर।
8. योगेन्द्रजीत, (2006), हिन्दी भाषा शिक्षण, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा–2।